दिन– गुरूवार दिनांक– 21 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान ऊर्जा, परिवहन, स्वास्थ्य और शहरी विकास से जुड़ी तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया के बीच गंगा नदी पर नवनिर्मित सिक्स लेन पुल का उद्‌घाटन करेंगे। श्री मोदी गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस तथा वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन की शुरुआत भी करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री बक्सर में थर्मल पावर प्लांट, मुजफ्फरपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का भी लोकार्पण करेंगे। इधर, गयाजी में समारोह स्थल और आस–पास के क्षेत्र को एसपीजी ने अपनी सुरक्षा घेरे में ले लिया है। जिला प्रशासन की ओर से प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए जगह–जगह दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

——————————————————————

लोकसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की कार्यवाही भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे की भेंट चढ़ गयी। आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया। हंगामें के कारण कार्यवाही पहले बारह बजे तक के लिए स्थगित की गयी। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा। इसके मद्देनजर अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। अध्यक्ष ने सदन को यह जानकारी भी दी कि इस सत्र में सिर्फ सैंतीस घंटे कार्य हो सका है। इस दौरान बारह विधेयक पारित किये गए। मॉनसून सत्र इक्कीस जुलाई को शुरू हुआ था।

——————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुमार ने आज पटना के बापू सभागार में आयोजित बिहार राज्य

मदरसा शिक्षा बोर्ड के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने वर्ष दो हजार पांच के बाद से अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक काम किये हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का बजट बढ़कर एक हजार करोड़ रुपये का हो गया है। श्री कुमार ने कहा है कि उनकी सरकार ने मदरसा शिक्षकों को समान वेतन देने का काम किया। जबकि पिछली सरकारों ने अल्पसंख्यकों को नजरअंदाज किया है।

————————————————————————

महागठबंधन की ओर से आयोजित वोटर अधिकार यात्रा आज शेखपुरा पहुंची। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिल्ली में होने के कारण राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने यात्रा का नेतृत्व किया। श्री यादव ने शहर के तीन मुहानी चौक पर सभा को संबोधित करते हुए लोगों से नये बिहार के निर्माण में सहयोग की अपील की। यात्रा में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी भी यात्रा में मौजूद है। वोटर अधिकार यात्रा अगले पड़ाव जमुई के सिकन्दरा के लिए रवाना हो गयी है।

————————————————————————

राज्य में दस साल पहले खोले गए करीब चौरासी लाख प्रधानमंत्री जन–धन योजना खातों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। लाभुकों के लिए तीस सितम्बर तक अपने बैंक खाते का सत्यापन–केवाईसी कराना जरूरी है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने बताया कि केवाईसी नहीं कराने वाले लोगों के खाते निष्क्रिय हो जायेंगे। श्री जोशी ने स्पष्ट किया कि ये खाते बंद नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी आठ हजार तिरेपन पंचायतों में अभियान चलाकर इन खातों का केवाईसी करवाया जा रहा है। मुख्य महाप्रबंधक ने ऐसे सभी खाताधारकों से केवाईसी अभियान में शामिल होने की अपील की है।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इसके कारण मधुबनी, अररिया, सुपौल और किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर अच्छी बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर, बांका, समस्तीपुर,

वैशाली, गयाजी और नवादा जिले में अनेक स्थानों पर भारी वर्षा की आशंका है। वहीं, राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।